# सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास 2025

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

**सैन्य अभ्यास** युद्ध अभ्यास 2025 **का 21वाँ संस्करण फोर्ट वेनराइट, अलास्का** में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय और अमेरिकी सेनाओं के बीच **पारस्परिक संचालन क्षमता, तत्परता तथा सहयोग** को सुदृढ़ करना था।

- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: वर्ष 2004** में **आतंकवाद रोधी प्रशिक्षण** के रूप में शुरू किया गया; इसमें **पारंपरिक, अपारंपरिक, संकर खतरों और शांति अभियानों** को शामिल किया गया।
- **उद्देश्य: द्विपक्षीय तैयारी, पारस्परिक संचालन क्षमता, ब्रिगेड-बटालियन समन्वय, वायु-से-भूमि एकीकरण को सुदृढ़ करना** और मुक्त एवं खुले इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण का समर्थन करने हेतु संयुक्त सैन्य अभ्यास।
- **रणनीतिक महत्त्व:** अलास्का आर्कटिक और इंडो-पैसिफिक **परिचालन अनुभव** प्रदान करता है, भारतीय सेनाएँ आर्कटिक में अनुभवी **अमेरिकी सैनिकों के साथ शीत-मौसम प्रशिक्षण** प्राप्त करती हैं।
- **व्यापक महत्त्व:** यह अमेरिका-भारत प्रमुख **रक्षा साझेदारी का एक हिस्सा** है, जिसमें **संयुक्त अभ्यास, रक्षा व्यापार और संयुक्त क्षमताओं** को बढ़ाने के लिये कार्मिक आदान-प्रदान शामिल हैं।
- **भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यास:** अभ्यास वज्र प्रहार (विशेष बलों का अभ्यास), ***SALVEX* (नौसेना),** *Cope India* (वायुसेना) और ***??????? ??????* (चतुष्कोणीय नौसैनिक अभ्यास)**।

**और पढ़ें:** भारत-अमेरिका संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-yudh-abhyas-2025